Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding irregularities in the mineral mining sector in Odisha.

श्रीमती अपराजिता सारंगी (भुवनेश्वर): माननीय सभापति जी, आज मैं ओडिशा राज्य के मिनरल माइनिंग सैक्टर में खनिज खनन क्षेत्र में हो रही व्यापक अनियमितता की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

ओडिशा राज्य में आर्थिक वर्ष 2020-21 में बहुत सारे आयरन ओर्स माइन्स नीलाम की गईं। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि तुरंत ही आर्थिक वर्ष 2020-21 से नए नीलामधारियों ने खनन किए गए आयरन ओर में लो ग्रेड आयरन ओर का बहुत ज्यादा उत्पादन दिखाना शुरू कर दिया। मैं एक उदाहरण देना चाहूंगी, हम जानते हैं कि 55 प्रतिशत फेरस कंटेंट वाले आयरन ओर से कम वाले आयरन ओर का लो ग्रेड आयरन ओर बोलते हैं। आर्थिक वर्ष 2019-20 में माइन नीलाम होने से पहले लो ग्रेड आयरन ओर का प्रतिशत सिर्फ 0.9 परसेंट था।

HON. CHAIRPERSON: Please confine yourself to the demand.

… (*Interruptions*)

श्रीमती अपराजिता सारंगी : आश्चर्य की बात है कि नीलामी के बाद आर्थिक वर्ष 2020-21 में यह बढ़कर 27.3 परसेंट हो गया।

HON. CHAIRPERSON: What is your demand?

… (*Interruptions*)

श्रीमती अपराजिता सारंगी : अप्रैल, मई 2022 में यह प्रतिशत 42.3 प्रतिशत और 58.9 प्रतिशत हो गया। जो माइन्स 30-40 वर्षों से हाई ग्रेड आयरन ओर देती थीं, अचानक नीलामी के बाद लो ग्रेड कैसे हो गईं? … (व्यवधान)